# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :– सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)**

**राजस्व प्रकरण संख्या :– 79/2022 जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2022/98**
**दायर दिनांक :– 11.04.2022 निर्णय दिनांक :– 13.12.2024**

1. चनणाराम पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
2. बंशीलाल पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
3. बीजाराम पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
4. मोहनराम पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई फौत के कायम मुकाम

4/1 चावली पत्नी मोहनराम जति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
4/2 श्रवणराम पुत्र मोहनराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
4/3 भगवानाराम पुत्र मोहनराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
4/4 रमेशी पुत्री मोहनराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
4/5 बिदामी पुत्री मोहनराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी

5. रेशमाराम पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई फौत के कायम मुकाम

5/1 शायरी पत्नी रेशमाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
5/2 पूनाराम पुत्र रेशमाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
5/3 सूवा पुत्री रेशमाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी

6. रामलाल पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी
7. सुगनाराम पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी

**–प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी
2. कुतबदीन पुत्र मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
3. जाकुब खां पुत्र मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
4. मरीमों पुत्री मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
5. युसुफ खां पुत्र मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
6. शकूर खां पुत्र मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
7. सदीक खां पुत्र मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
8. सुरमो पत्नी मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
9. सरीफो पुत्री मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
10. हाजरो पुत्री मेरदीन जाति मुसलमान निवासी नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी
11. हरलाल पुत्र धोकलाराम जाति विश्नोई निवासी राणेरी तहसील बाप जिला फलोदी

13.12.24
सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

12. शाखा प्रबन्धक जो. स. भू. वि. बैंक शाखा फलोदी तहसील फलोदी जिला फलोदी
13. शाखा प्रबन्धक आई.सी.आई.सी.आई बैंक शाखा फलोदी तहसील फलोदी जिला फलोदी
14. शाखा प्रबन्धक यूको बैंक शाखा बाप तहसील बाप जिला फलोदी

**—अप्रार्थीगण**

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956**

**उपस्थित** :—1. श्री राजेन्द्रसिंह सोंलकी अधिवक्ता प्रार्थीगण

2. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप

3. श्री विजय तंवर अधिवक्ता अप्रार्थी सं. 11

सहायक कलेक्टर बाप, जिला फलोदी (राज.)

**—:: निर्णय ::—**

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम का इस आशय से पेश किया कि प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 11 की संयुक्त खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 385/423 रकबा 11.6549 सरहद मौजा नुरे की भुर्ज पटवार क्षेत्र नुरे की भुर्ज तहसील बाप में स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थीगण का कब्जा व काश्त संलग्न नजरी नक्शा अनुसार चला आ रहा है और प्रार्थीगण ने उक्त वादग्रस्त भूमि में अपनी अपनी रहवासीय ढाणी, पानी का टांका व पशुओं के लिये बाड़े इत्यादि बना रखे है जिसमें प्रार्थीगण अपने परिवार सहित बारह ही मास निवास करते आ रहे है तथा उक्त वादग्रस्त भूमि के चारों तरफ खूंटे रोप कर तारबंदी कर रखी है एवं प्रार्थीगण उक्त भूमि पर प्रत्येक वर्ष काश्त का प्राकृतिक पैदावार का उपयोग व उपभोग लेते आ रहे है। उक्त भूमि की पूर्व में तरमीम नक्शा लट्ठा में नहीं हो रखी थी संलग्न नजरी नक्शा अनुसार प्रार्थीगण का कब्जा व काश्त है लेकिन वर्तमान सेग्रीकेशन योजना के तहत पटवारी हल्का ने बिना मौका देखे ही अपने कार्यालय में बैठे बैठे प्रार्थीगण एंव अप्रार्थी संख्या 11 व अप्रार्थी संख्या 2 ता 10 के कब्जा काश्त के विपरित तरमीम करदी है जो सरासर गलत है। उक्त तरमीम खातेदारों के कब्जा काश्त के विपरित है इसलिये प्रार्थीगण ग्रमा नुरे की भुर्ज पटवार क्षेत्र नुरे की भुर्ज तहसील बाप के खसरा नम्बर 385/423 रकबा 11.6549 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 385/395 रकबा 11.2421 हैक्टेयर की सेग्रीकेशन योजना में खातेदारों के कब्जा काश्त के विपरित की तरमीम को निरस्त करवा कर संलग्न नजरी नक्शा अनुसार प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 11 की तरमीम करवाने के अधिकारी है जिस बाबत यह प्रार्थना पत्र पेश है। नजरी नक्शा संलग्न प्रार्थना पत्र पेश किया जा रहा है जो उक्त प्रार्थना पत्र का अभिन्न हिस्सा रहेगा।

प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली जाकर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 तहसीलदार बाप ने जवाब व रिपोर्ट पेश की जो शामिल पत्रावली की गयी। अप्रार्थी संख्या 11 की और से अधिवक्ता विजय तंवर ने वकालतनामा पेश किया। अप्रार्थी संख्या 2 ता 10 व 12 ता 14 की और से कोई उपस्थित नहीं

13.12.24
सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही की गयी। अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 11 ने जवाब पेश नहीं करने पर जवाब बंद किया गया। पत्रावली बहस में रखी गई।

बहस अधिवक्ता उभय पक्ष एवं पैरोकार सरकार प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 सुनी गयी। दस्तावेजों का गहराई से अध्ययन किया गया। बहस अधिवक्ता पर मनन किया गया। विवादग्रस्त भूमि ग्राम नुरे की भुर्ज पटवार क्षेत्र नुरे की भुर्ज तहसील बाप जिला फलोदी के खसरा नम्बर 385/423 रकबा 11.6549 हैक्टेयर एवं खसरा नम्बर 385/395 रकबा 11.2421 हैक्टेयर भूमि की तरमीम ऑनलाईन भू–नक्शा में हो रखी है। अप्रार्थी संख्या 1 के जवाब एवं पटवारी हल्का की मौका रिपोर्ट इत्यादि का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि आराजी खसरान् की तरमीम लट्ठा नक्शा अनुसार ही भू–नक्शा में कब्जा काश्त के अनुरूप अंकित है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम का पोषणीय नहीं होने से अस्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

## क्रियात्मक आदेश

उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार योग्य नहीं होने के कारण खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 13.12.2024 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर, बाप, जिला फलोदी (राज.)

13.12.24

(सुखाराम पिण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

सहायक कलक्टर
बाप (फलोदी)